## महत्वपूर्ण एवं खास

### खिलाड़ियों ने विश्व योग कप स्पर्धा में जीते पदक

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिले के योग खिलाडिय़ों ने 26-27 जून को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में यूनिवर्सल योगा स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित विश्व योग कप प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण पदक और 4 कांस्य पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों के अलावा विश्व के विभिन्न देश के प्रतिभागियों ने भी भागीदारी की। इस प्रतियोगिता में महासमुंद के सत्यनारायण दुर्गा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। ग्राम सिरगिड़ी की प्रभा साहू ने 1 कांस्य पदक, ग्राम खल्लारी के तिलक साहू ने स्वर्ण पदक, गुणवंत साहू और सौम्य चंद्राकर ने एक कांस्य पदक प्राप्त किया।

### अंतिम अवसर : सूबेदार,उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर की भर्ती माना पीटीएस में जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेंज में गृह विभाग के तहत पुलिस में सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर की सीधी भर्ती माना के पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में जारी है। सूबेदार, उप निरीक्षण,प्लाटून कमांडर पदों पर भर्ती के लिए युवाओं को अंतिम अवसर मिल रहा है। यह भर्ती पिछले महीने की छह तारीख से लगातार जारी है । भर्ती में शामिल होने की अंतिम तिथि 3 जुलाई है। इस दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन औऱ शारीरिक माप परीक्षण किया जा रहा है। रायपुर पुलिस रेंज कार्यालय युवाओं को भर्ती में शामिल होने का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक दस्तावेजों का परीक्षण नहीं कराया है या जो शारिरिक परीक्षण में शामिल नही हो पाए है, वे 3 जुलाई को भर्ती में शामिल हो सकते है। ऐसे सभी अभ्यर्थी 3 जुलाई को सुबह 6 बजे जरूरी दस्तावेजों और आधार कार्ड की मूल प्रति तथा छाया प्रति के साथ भर्ती में शामिल हो सकते है।

### पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार आज से

**कोरबा।** शासकीय इ.वि. स्नातकोर महाविद्यालय कोरबा छ.ग. में साइकोलाजिकल फोरम छत्तीसगढ़ एवं मनोविज्ञान विभाग शासकीय इ.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन दिनांक 02 एवं 03 जुलाई को किया जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य का उन्नयन वर्तमान समय की आवश्यकता है। पिछले दो वर्षों से वैश्विक महामारी का सामना करती मानव जाति को अपने अस्तित्व के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा, आज भी मानव समाज इस विभीषका से उबर नहीं पाया है। एक स्वस्थ्य मानव समाज की स्थापना हेतु आवश्यक है कि हम इस विषय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करके मानसिक स्वास्थ्य के उन्नयन हेतु प्रयास करें। इस राष्ट्रीय सेमिनार का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य की स्थापना हेतु बहुमूल्य विचारों का संग्रहण एवं युवा शोधकर्त्ताओं को इस दिशा में बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करना है।

### नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में सुविधाएं बढ़ाने की मांग

**कोरबा।** कल एसईसीएल प्रबंधन और एसईकेएमसी के मध्य कई मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि सिटी स्कैन मशीन चिकित्सालय में उपलब्ध कराया जाए। इसी तरह अतिरिक्त जनरेटर रखने के लिए विचार विमर्श किया गया। चिकित्सालय में और भी मरीजों को सुविधाएं मिले, इसके लिए ठोस निर्णय लिये गए हैं। दीपका मार्ग पर लोगों के आने-जाने के लिए मार्ग बनाने की मांग रखी गई। दोनों तरफ कांक्रीटीकरण कर पगडंडी बनाने की बात पर चर्चा हुई। इसी तरह खदान क्षेत्र में पेयजल की विकराल समस्या है। इन क्षेत्रों में वाटर एटीएम लगाने के मुद्दे पर चर्चा की गई। इसी तरह अन्य और मुद्दों को प्रबंधन के सामने रखा गया। बैठक में गोपाल यादव, देवंत मिश्रा, छंदराम राठौर, जीवराखन चंद्रा, धरम सिंह कंवर, एमपीसिंह, त्रिलोक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा : मुख्यमंत्री

- राज्य सरकार ने अपनी योजनाओं के जरिए जनता की जेब में पैसा डाला
- रोजगार के साथ लोगों को आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़ा गया
- गांवों के स्वावलंबन के लिए हो रहे हैं लगातार कार्य
- हमारी सरकार ने जनहित में नवाचार किए
- उड़ान-डेयर टू ड्रीम' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की शिरकत

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम यहां राजधानी स्थित एक निजी होटल में जी मीडिया समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'उड़ान-डेयर टू ड्रीम' में पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिचर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यहां हर वर्ग और लोगों के हित में योजनाओं का बखूबी क्रियान्वयन हो रहा है। जिसके फलस्वरूप आज लोगों के जेब में पैसा आने लगा है और उनमें समृद्धि और खुशहाली दिखाई देने लगी है।



मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनहित में नवाचार का प्रयोग करते हुए चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की चर्चा अन्य राज्यों और देश में भी हो रही है। हमारा मुख्य ध्येय लोगों की आय में वृद्धि करना है। इसे ध्यान में रखकर योजनाओं का बेहतर ढंग से संचालन किया जा रहा है। इसके जरिए प्रदेश में किसान, मजदूर, युवा वर्ग और महिलाओं तथा आदिवासी आदि हर वर्ग के लोगों को आगे बढऩे के लिए भरपूर अवसर मिलने लगा है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी नरवा, गरवा, घुरवा, बारी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना आदि कार्यक्रमों के बारे में भी अवगत कराया।

प्रदेश में लोगों को रोजगार के साथ-साथ आजीविकामूलक गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वनांचल में लघुवनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी तो हम कर ही रहे हैं साथ ही उनके वेल्यू एडिशन का कार्य भी किया जा रहा है। वहीं सी-मार्ट की चैन तैयार की जा रही है, जहां विभिन्न ग्रामीण उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। बस्तर में 30 से 40 रूपए में बिकने वाले महुआ अब इंग्लैण्ड जा रहा है और वहां वही महुआ 116 रूपए में बिक रहा है। जिससे संग्राहकों को अधिक आर्थिक लाभ मिल रहा है। अब तक भेंट मुलाकात के दौरान मैंने देखा है कि महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास आया है।

अलग-अलग सम्बोधनों को लेकर सवाल पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि लोग मुझसे व्यक्तिगत तौर पर जुड़ाव महसूस करते हैं इसलिए मुझे अलग-अलग संबोधन से मुझे पुकारते हैं। परिचर्चा में भेंट-मुलाकात अभियान की सफलता को लेकर सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा भेंट-मुलाकात अभियान के जरिए आम जनता से सीधा संवाद हो रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ उन तक पहुंच रहा है या नहीं यह जानने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों को संतुष्टि है कि वे अपने मुखिया से सीधे बात कर रहे हैं और अपनी समस्या और जरूरतों को रख पा रहे हैं। भेंट-मुलाकात के दौरान मैं ग्रामीणों के घरों पर ही भोजन कर रहा हूं। इस दौरान मैंने देखा कि उनके भोजन में ही औषधि है।

राज्य सरकार की योजनाओं के केंद्र में महात्मा गांधी के ग्राम सुराज को लेकर सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, गांधी जी ने कहा था कि भारत गांवों में बसता है। सबसे ज्यादा नुकसान गांव से बौद्धिक पलायन का होना है। गांवों के स्वावलंबन के लिए हमने काम किया। किसानों को आर्थिक समृद्धि दी। मजदूर और वनवासियों को भी आर्थिक रूप से लाभ दिलाया। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर कम होने के पीछे के कारण पर उन्होंने कहा हमारी सरकार आने के बाद हमने कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने का काम किया। लोगों में कृषि को लेकर रुझान बढ़ा। हमने समर्थन मूल्य के साथ सर्वाधिक इनपुट सब्सिडी दी। दूसरी ओर मनरेगा के कार्य जारी रखे। हमने अनेक क्षेत्रों में नौकरी भी दी। वहीं बदलते बस्तर को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलियों ने ग्रामीणों को भ्रमित कर शोषण करने का काम किया। हमारी सरकार ने लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन लौटाई। अपनी योजनाओं से बस्तर के ग्रामीणों में सरकार के प्रति विश्वास जगाया। हमने बस्तर में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए काम किया है। हमने बस्तर के ग्रामीणों के विश्वास दिलाया कि विकास कार्य उनके लिए हैं। हमने बहुत सारे ऐसे काम किए जो घोषणा पत्र में शामिल नहीं थे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया।

## रेत के अवैध उत्खनन तथा परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

- तहसीलदार की कार्यवाई


**कोरबा।** प्रशासन निर्देशों के बावजूद जिले में रेत का अवैध उत्खनन रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां बड़े पैमाने पर रेत के उत्खनन व चोरी हो रही है। देर रात कलेक्टर के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने गेरवाघाट में छापामार कार्रवाई की और अवैध उत्खनन तथा परिवहन में लगे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।



कोतवाली थाना क्षेत्र के सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र अंतर्गत गेरवाघाट के रेत घाट से अवैधानिक तरीके से रेत का खनन कर परिवहन का मामला पकड़ा गया है। कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर नायब तहसीलदार सिदार ने देर रात यह छापामार कार्रवाई की है। उनके द्वारा गेरवाघाट, भैंस खटाल और तुलसी नगर पुल के पास तीन ट्रैक्टर पकड़े गए जिनमें अवैध खनन की गई रेत भरी हुई पाई गई। आखिर रात भर यह सभी ट्रैक्टर किसी न किसी थाना अथवा चौकी क्षेत्र से होकर ही गुजरते हैं लेकिन रात गए आखिर कौन से निर्माण कार्य के लिए ट्रैक्टरों से रेत का परिवहन कराया जा रहा है, इस पर कोई जांच. पड़ताल और धरपकड़ नहीं होती। इसका पूरा फायदा रेत चोर उठा रहे हैं, वह भी तब जब 15 जून से रेत खनन प्रतिबंधित किए जाने की जानकारी प्रशासन से लेकर पुलिस महकमे को भी है लेकिन प्रभारी उदासीनता बरत रहे हैं। गेरवाघाट के रेत घाट में रात के वक्त गाडिय़ां लगाई जाती हैं। यहां से कई ट्रेक्टर रेत पार कराए जा रहे हैं। चकमा देने के लिए और रेत की चोरी नहीं हो रही है, यह साबित करने के लिए बड़े शातिराना अंदाज में दिन छोड़-छोड़ कर चोरी का काम कराया जा रहा है और आज की रात रेत निकालना तय हुआ था। इसी तरह मोतीसागर पारा स्थित घाट में लगे बैरियर को बीच.बीच में खोलकर छोटे मालवाहक आटो को भीतर ले जाकर रेत निकलवाई जा रही है। यहां भी चोरी का खेल रात के वक्त रुक-रुक कर हो रहा है। बहरहाल गेरवाघाट से पकड़े गए सभी तीनों ट्रैक्टरों को पुलिस अभिरक्षा में सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र के सुपुर्द किया गया है।

## राज्य में कोरोना का एक्टिव केस एक हज़ार पार, एक की हुई मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में चौथी लहर का खतरा मंडरा रहा है. हर दिन संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है. गुरुवार को 13 हजार 384 सैंपल की जांच की गई।



जिसमें 167 लोग संक्रमित मिले हैं. पॉजिटिविटी दर 1.25 प्रतिशत है. प्रदेश में टोटल एक्टिव मरीजों की संख्या 933 हो गई है. गुरुवार को एक की मौत कोरोना से हुई है. सबसे ज्यादा एक्टिव मरीज रायपुर में है यहां कोरोना संक्रमितों की संख्या 255 हो गई है. दुर्ग में 182 और बिलासपुर में 89 एक्टिव मरीज है. गुरुवार को सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज रायपुर में 55 मिले. इसके अलावा बिलासपुर में 12 और दुर्ग में 33 एक्टिव मरीज मिले।

30 जून को 19 जिले दंतेवाड़ा, बीजापुर, गौरेला पेंड्र मरवाही, महासमुंद, बलरामपुर में 1-1, धमतरी, मुंगेली, जशपुर में 2-2, कोरबा में 3, जांजगीर में 5, कबीरधाम, सूरजपुर में 6-6, सरगुजा, राजनांदगांव, बलौदाबाजार में 8-8, बेमेतरा, बिलासपुर में 12-12, दुर्ग में 33, रायपुर में 55 कोरोना संक्रमित मरीज मिले।

## रात के अंधेरे में 200 करोड़ की रजिस्ट्री

**कोरबा।** रात के अंधेरे में 200 करोड़ रूपयों की प्रापर्टी की रजिस्ट्री किये जाने की खबर मिल रही है। यह कारनामा कोरबा में हाल ही में किया जाना बताया जा है। शहर में व्याप्त चर्चा के अनुसार हाल ही में रात 8 बजे के आस पास ई.स्टाम्प सेन्टर को खोला गया। वहां से ई.स्टाम्प लिया गया। इसके बाद रजिस्ट्री आफिस को रात में ही खोला गया और करीब 200 करोड़ रुपयों की प्रापर्टी की रजिस्ट्री की गई।

सूत्रों के अनुसार रात के अंधेरे में कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद ई.स्टाम्प सेन्टर और रजिस्ट्री कार्यालय को खोलना इस बात का परिचायक है, कि यह रजिस्ट्री किसी प्रभावशाली व्यक्ति के द्वारा करायी गयी है। वह व्यक्ति इतना बलशाली है कि रात में नियम विरुद्ध तरीके से राजधानी से पंजीयन विभाग का पोर्टल खोला गया और कार्यालय को खोलकर रजिस्ट्री की गई।

जानकारी के अनुसार जिस प्रापर्टी की रजिस्ट्री की गई है, वह जिले के करतला ब्लाक अन्तर्गत सोहागपुर गाँव के आस पास की है। बताया जा रहा है, कि इस बात की जानकारी मिलने के बाद जिले के एक नेता ने पूरा रिकॉर्ड निकाल कर आयकर विभाग और ई डी सहित दिल्ली के कुछ प्रमुख नेताओं को उपलब्ध कराया है।

## एएसआई साहू को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**कोरबा।** यातायात डीएसपी शिवचरण परिहार, एएसआई मनोज राठौर एवं स्टाफ ने टीपी नगर यातायात थाने में यातायात पुलिस बल के एएसआई भागूराम साहू को सेवानिवृा होने भावभीनी विदाई दी एवं उनके परिवार समेत सुखमय भविष्य की कामना व्यक्त की। एएसआई साहू ने यहां लंबी अवधि तक सेवाएं दी। उनका कार्यकाल विवादों से रहित रहा।

## एलआईसी दफ्तर में लगी भीषण आग, जरूरी दस्तावेज जलकर खाक

**कोरबा।** आईटीआई क्षेत्र में स्थित एलआईसी दफ्तर में आज तडक़े भीषण आग लग गई। जिससे यहां रखे लाखों रुपए के कम्प्यूटर फर्नीचर सहित जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। आग इतनी भयानक थी कि उसकी लपटें बाहर तक दिखाई दे रही थीं। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने खिडक़ी से लपटें निकलती देखी और इसकी सूचना एलआईसी के अधिकारियों, पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और इस पर काबू पाने का प्रयास किया।



जानकारी के अनुसार फायरकर्मी दफ्तर का गेट तोडक़र अंदर घुसे और करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दफ्तर में रखे लाखों रुपए के कम्प्यूटर सिस्टम, फर्नीचर सहित कई जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए हैं। आग की लपटें खिडक़ी से ही दिखाई दे रही थीं। ऊपर दिख रही आग थोड़ी कम हुई तो फायरकर्मी दफ्तर का गेट तोडक़र अंदर दाखिल हुए। करीब 3 घंटे की जद्दोजहद के बाद 3 दमकलों ने आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी यह अभी पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट के चलते हादसा हुआ है। माना जा रहा है कि इससे तमाम लोगों की पॉलिसी से जुड़े दस्तावेज नष्ट हो गए हैं। फिलहाल इंश्योरेंस कंपनी के अफसर इस संबंध में किसी से बात करने को तैयार नहीं हैं।

## कोयला मंत्रालय द्वारा 124 कोल ब्लाक की नीलामी प्रक्रिया शुरू

**कोरबा।** कोयला मंत्रालय द्वारा 124 कोल ब्लाक की नीलामी प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें 24 कोल ब्लाक के लिए 31 कंपनियों ने रूचि दिखाई है। इस दौड़ में वेदांताए बाल्को व जिंदल जैसी कंपनियां भी शामिल हैं। बाल्को ने रायगढ़ जिले के खरसिया तहसील में स्थित बर्रा कोल ब्लाक के लिए बोली जमा की है।

देश में कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए कोयला मंत्रालय ने कमर्शियल माइनिंग के तीसरे चरण में कोयला ब्लाकों की नीलामी की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की है। 22 जून को दस्तावेजों की बिक्री की गई और 27 जून को निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तय थी। 28 जून को तकनीकी बोली लगाने वाली कंपनियों की उपस्थिति में बोलियां खोली गई। 24 कोल ब्लाक के लिए 31 कंपनियों से 38 बोलियां मिली हैं। बाल्को प्रबंधन की रूचि फिर से कोल ब्लाक की ओर नजर आ रही। 5.75 लाख टन क्षमता वाली स्मेल्टर के संचालन के लिए कंपनी को विद्युतकी आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए 540 व 1200 मेगावाट की दो संयंत्र बाल्को परिसर में ही संचालित किया जा रहा। 1740 मेगावाट विद्युत संयंत्र के लिए साउथ इस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड ;एसईसीएलद्ध से कोयला आपूर्ति का अनुबंध है पर पर्याप्त कोयला नहीं मिलने से प्रबंधन लंबे समय से कोयले की समस्या से जूझ रही। इसे दूर करने बर्रा कोल ब्लाक के लिए प्रबंधन ने बोली जमा की है। 124 कोल ब्लाकों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है पर केवल 24 ब्लाक में ही कंपनियों ने रूचि दिखाई। यहां बताना होगा कि देश में अचानक 20 फीसद बिजली की मांग बढऩे से कोल इंडिया पर कोयला आपूर्ति का दबाव है। नौबत यह आ गई है कि देश की बड़ी बिजली कंपनियों को 10 फीसद कोयला आयात करने कहा गया है। कोयला की आपूर्ति में संतुलन बनाए रखने कमर्शियल माइनिंग योजना कारगर साबित होगी।

रायगढ़ जिले के अंतर्गत बर्रा कोल ब्लाक खरसिया तहसील में आता है। यह 31.50 वर्ग किलोमीटर में फैला है। करीब 9000 लाख टन कोयला भंडारण का अनुमान है। इसके लिए केवल बाल्को ने ही बोली प्रस्तुत की है। इसलिए प्रतिस्पर्धा की स्थिति नहीं रहेगी। यहां बता दें कि पहले से बाल्को संयंत्र में कोयला आपूर्ति के लिए कोरबी. चोटिया कोल ब्लाक प्रबंधन के पास है। खदान में कोयले का भंडारण कम होने की वजह से उत्पादन वर्तमान में नहीं हो रहा।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अधिवक्तियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# खुद को शोरूम डीलर बताकर किसान से ठगा ट्रैक्टर

- एसपी से शिकायत के बाद शुरू हुई जांच

**कोरबा।** शोरूम में खुद को पुराने गाडिय़ों का डीलर बताते हुए ऊंचे और अच्छे दाम दिलवाने के नाम पर पुराने ट्रेक्टर को ले जाकर लापता कर देने वाले के खिलाफ एक कृषक ने एसपी को लिखित शिकायत देते हुए उक्त ट्रेक्टर या रुपया दिलाये जाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस पर भी गंभीर आरोप मढ़ते हुए शिकायत में कहा है कि मामले की कार्यवाही के लिए कोतबा चौकी प्रभारी टेकराम सारथी से निवेदन किया गया लेकिन उन्होंने मामले को हस्तक्षेप से बाहर होने की बात कहते हुए न्यायालय में शरण लेने की बात कही।




जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक जशपुर को दिए आवेदन में पीड़ित रोशन चौहान पिता अजित राम चौहान निवासी नगर पंचायत कोतबा वार्ड क्रमांक 14 ने बताया है कि रायगढ़ जिले के लैलूंगा निवासी अप्रांस सिन्हा नामक व्यक्ति के द्वारा 18 अप्रैल 2021 को उनके निवास में आकर कहा कि आपकी सोनालिका ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 14 एमएच 3935 को यह कहते हुए बरगलाया गया कि ये बहुत पुरानी हो गई है, वो अपने आप को लैलूंगा के ट्रेक्टर शोरूम में डीलर और पुराने गाडिय़ों के खरीदी बिक्री करने की बात कहते हुए अच्छे दाम पर बेच देने की बात कहकर अपने साथ ले गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उक्त ट्रेक्टर उनके स्व पिताजी अजित चौहान के नाम पर है।

पीड़ित रोशन चौहान के मुताबिक कुछ दिनों तक उक्त ट्रैक्टर को लैलूंगा स्थित शोरूम में रखा गया था, जब पीड़ितों ने कहा कि उन्हें पैसों की जरूरत है, तब आरोपित अप्रांस सिन्हा ने कहा कि जल्दबाजी में अधिक दाम नहीं जाएंगे, ट्रेक्टर बेचते ही आपसे तय किया गया रुपया बुलाकर दे दिया जाएगा। लेकिन कुछ दिनों बाद ही शोरूम से ट्रेक्टर नहीं होने की जानकारी मिली तो पीड़ितों ने उनसे गुहार लगाते हुए कहा कि उनके तय रुपये देकर नाम ट्रांसफर करा लो, इतनी सी बात सुनकर अप्रांस सिन्हा नाराज आग बबूला होकर तिलमिला उठा और कहने लगा कि तुम लोगों का ट्रैक्टर को मैं बेच दिया हूं और इसका फूटी कौड़ी नहीं दूंगा तुम लोगों को जिससे भी शिकायत करना है कर लो। अब पीड़ित परिवार यहां वहां भटकने को मजबूर है। उन्होंने लापता ट्रेक्टर को दिलाए जाने की गुहार लगाते हुए आरोपित अप्रांस सिन्हा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की पुलिस से मांग की है।